अवैध शराब समेत दो गिरफ्तार

रामसिंहपुर, (निसं)। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन कार्रवाइयों के दौरान 10 लीटर अवैध हथकढ़ शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई थानाधिकारी अजय कुमार के निर्देश पर की गई। पहली कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल गुलाब सिंह ने रेडबगी फाटक के पास से अंकुश पुत्र जरनैल सिंह को पकड़ा। उसके पास से 5 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त की गई। वहीं, दूसरी कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल वीरेंद्र सिंह ने राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र चंद्रभान मेघवाल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से भी 5 लीटर अवैध हथकढ़ शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी मौलवी को आजीवन कारावास

आरोपी मौलवी ने मिठाई का लालच देकर बच्ची को मस्जिद में ले जाकर दुष्कर्म किया था

- **जज ने कहा कि 5 साल की छोटी उम्र खिलौनों से खेलनी की होती है, ऐसी दरिंदगी जघन्य अपराध है, जिसमें किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती है**
- **पीड़िता को मुआवजा दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर को अनुशंसा भेजी है**

अलवर, (निसं)। अलवर में पांच साल की मासूम बच्ची से रेप करने के दोषी मौलवी को अंतिम सांस तक कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी पर साढ़े 6 लाख का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी ने मिठाई का लालच देकर बच्ची के साथ वारदात की थी।

विशिष्ट पॉक्सो न्यायालय संख्या-2 की जज शिल्पा समीर ने आरोपी को सजा सुनाते हुए कहा कि 5 साल की छोटी उम्र खिलौनों से खेलनी की होती है। ऐसी दरिंदगी जघन्य अपराध है, जिसमें किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती है।

सरकारी वकील पंकज यादव ने बताया कि पीड़िता के पिता ने सितंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया कि 22 सितंबर 2024 को मौलवी उसकी 5 साल की बेटी को मिठाई देने के बहाने मस्जिद में ले गया था। आरोपी ने मस्जिद में ही वारदात को अंजाम दिया। बच्ची की मां के मौके पर पहुंचने पर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को बस स्टैंड से दबोचा था। वह वारदात के बाद बस और अन्य वाहनों से भागने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में 16 गवाह और 18 दस्तावेजी सबूत पेश किए। कोर्ट ने सबूतों, मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल सबूत के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया। कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कठोर कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा पीड़िता को मुआवजा दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर को अनुशंसा भेजी है।

बाँसवाड़ा सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि., बाँसवाड़ा

क्रमांक :- 2025-26/ एफ/524 दिनांक :- 01/11/2025

ई-निविदा सूचना वर्ष-2/2025-26

बांसवाडा सहकारी उपभोक्ता थोक भण्डार लि. बांसवाडा द्वारा अर्न्तगत e-Bid for Procurement of Ration items- Wheat Atta, Wheat, Rice Basmati, Poha, Pules, Spices, Jeera, Sabat Chana, Kabuli, Moong, Soyabean Oil, Ghee Desi, Bath Soap, Washim Soap, Oil Base Soap, Toothpaste, ToothBrush, Hair Oil, Biscuit etc. के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 01.12.2025 को सायः 05.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा में वर्णित कार्य से सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्ते बेवसाईड http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। उपापन हेतु NIB Code- CMF2526A0082, UBN No. CMF2526GLOB00107 है।

राज.संवाद/सी/25/13103 महाप्रबंधक

कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली-बहरोड़)

Ph. 01422-243929 Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः न.पा.वि. / 2025 / 1646 दिनांक : 30.10.2025

-: ई-निविदा सूचना/2025-26 :-

नगर पालिका विराटनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य की ई- निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eprocurement.gov.in पर भी उपलब्ध है तथा कार्यालय समय में सूचना बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

Sr. No.	NIB Code	UBN No.
1.	DLB2526A7542	DLB2526WSOB22824
2.	DLB2526A7542	DLB2526WSOB22825

राज.संवाद / सी / 25 / 13077 अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका विराटनगर

डोरबेल बजाने पर बालक को पीटा

भीलवाड़ा, (निसं)। एक बच्चे का डोरबेल बजाना एक व्यक्ति को इतना नागवार गुजरा कि एक दो नहीं बल्कि आठ थप्पड़ मारे। वारदात करने वाला डॉक्टर बताया जा रहा है। डॉक्टर यानी एक सभ्य व्यक्ति जो बच्चे की नादानी पर इतना भड़क गया कि इंसानियत ही भूल गया। घटना रायला के राजस्थान ग्रामीण बैंक के पास स्थित निजी क्लिनिक के बाहर हुई है। वीडियो में थप्पड़ मारने वाला व्यक्ति डॉक्टर रंजीत मंडल है। पीड़ित बच्चे के पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। बच्चे को मानसिक और शरीरिक ज़ख़्म देने वाले डॉक्टर मंडल ने अलग से सफाई पेश की है कहा कि ये बच्चा रोजाना डोरबेल बजा कर भाग जाया करता था।

करोड़ों के मादक पदार्थ के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

- **एक स्कॉर्पियो जब्त, मणिपुर से मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे**

दौसा, (निसं)। मेहंदीपुर बालाजी के पास खेड़ा पहाड़पुर में एजीटीस और एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10 किलो 692 ग्राम मादक पदार्थ पकड़ा है। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर एक स्कॉर्पियो को भी जब्त किया है। तस्कर मणिपुर से मादक पदार्थ लेकर आ रहे थे। इसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार एजीटीएस और एसओजी की टीमें पांच बोलेरो में भरकर जयपुर से खेड़ा पहाड़पुर के पास पहुंची, जहां कई घंटे तक कार्रवाई की गई। दौसा पुलिस के एएसपी हेमंत कलाल व मेहंदीपुर बालाजी थानाधिकारी गौरव प्रधान भी पहुंचे। मादक पदार्थ और तस्करों को पकड़कर मेहंदीपुर बालाजी थाने लाया गया। एडीजी दिनेश एमएन के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ हुई यह कार्रवाई जिले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है।

एसपी सागर राणा ने बताया कि करोड़ों की कीमत का 10 किलो 692 ग्राम मादक पदार्थ पकड़ा गया है। दो तस्कर गिरफ्तार किए हैं और उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी को जब्त कर लिया गया है।

45 किलो डोडा-चूरा समेत आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। नारकोटिक्स टीम ने मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए छोटी सादड़ी बस स्टैंड से सेमरदा करुंडा रोड़ के बीच एक मारुति ऑल्टो कार को रोककर तलाशी के दौरान 45.520 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उपनारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति राजस्थान नम्बर वाली मारुति ऑल्टो कार में छोटी सादड़ी बस स्टैंड से सेमरदा करुंडा रोड़ तक अवैध डोडा-चूरा ले जा रहा है। सूचना पर सीबीएन प्रतापगढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी, टीम ने संदिग्ध वाहन की पहचान करने के बाद उसे रोक लिया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि टीम ने मौके पर कार की तलाशी ली तो कार में 45.520 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। टीम ने मौके पर कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद, बरामद डोडा चूरा को वाहन सहित जब्त कर लिया और एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

कार्यालय नगर पालिका, खेजरोली-जयपुर (राज.)

क्रमांक / न.प. खेज. / 2025 / 1090 दिनांक 30.10.2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका कार्यालय खेजरोली द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु दर संविदा के माध्यम से कार्य करवाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंन्ट प्रक्रिया द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की जाती हैं। निविदा सूचना एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in पर NIB Code DLB2526A7613 तथा पर डाउनलोड कर देखा जा सकता है।

UBN NO :	DLB2526WSRC23072
	DLB2526WSRC23073
	DLB2526WSRC23074
	DLB2526WSRC23075
	DLB2526WSRC23076
	DLB2526WSRC23077
	DLB2526WSRC23078

राज.संवाद / सी / 25 / 13047 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका खेजरोली

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, प्रथम उदयपुर

क्रमांकःअअ/जिख/अंके/2025-26/4616-4640 दिनांकः 28/10/25

ई-निविदा सूचना संख्या 56-68/2025-26

खण्ड कार्य क्षेत्र में विभिन्न उपखण्डों के विभिन्न ग्रामों की पेयजल योजना संबंधित विभिन्न कार्य (रू. 10.00 से 60.00 लाख तक के) की आमंत्रित की जाती है जो कि दिनांक 11.11.2025 को 18.00 बजे प्राप्त की जावेगी। निविदाओं का विस्तृत विवरण राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकता है।

NIB Code-PHE2526A3889

UBN No.- PHE2526SLRC07948, PHE2526SLRC07949, PHE2526SLRC07950 PHE2526SLRC07951, PHE2526SLRC07953, PHE2526WSRC07958, PHE2526WSRC07959, PHE2526WSRC07960, PHE2526WSRC07967, PHE2526WSRC07968, PHE2526WSRC07969, PHE2526WSRC07970, PHE2526WSRC07971

DIPR/C/16062/2025 अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड, प्रथम उदयपुर

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :- राजकाज 18597587 दिनांक :- 31/10/2025

ई-निविदा सूचना संख्याः- जोन दक्षिण/12/2025-26

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से प्राधिकरण एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल कार्यो हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code :- JOD2526A0175

UBN No. :- JOD2526WSOB00375 To JOD2526WSOB00385

राज.संवाद/सी/25/13099 अधिशाषी अभियंता (दक्षिण)

कार्यालय नगर पालिका, रामगढ पचवारा, जिला-दौसा

Email ID:-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph-01431-260714

क्रमांकः-न.पा.रा.प / 2025 / 977 दिनांकः-21.10.2025

ई-निविदा सूचना-

नगर पालिका रामगढ पचवारा द्वारा बजट घोषणा संख्या 219.10.00 / 2025-26 के अन्तर्गत विद्युत सम्बन्धित कार्य कराये जाने हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा समय सांय 6.00 बजे तक दिनांक 18-11-2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्ते एवं विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कार्यो की अनुमानित लागत 76.80 लाख रू0 है।

UBN Number:- DLB2526WSOB22665

राज.संवाद / सी / 25 / 13057 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रामगढ पचवारा

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

केंद्र / राज्य सरकार के विभागों एवं रा. रा. वि. प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत / मान्य निविदाकारों से अधिशासी अभियंता (सिविल), अजमेर / सीकर के अधीन ई निविदा सूचना संख्या 18/2025-26 में क्र. स. 01 से 02 पर वर्णित सिविल कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। अधिशासी अभियंता (सिविल), मेड़ता सिटी के अधीन निविदा सूचना संख्या 19/2025-26 में क्र. स. 01 से 02 पर वर्णित कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn एवं http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

UBN No. :- For NIB No. 18/2025-26- VPN2526WSOB02070, VPN2526WSOB0206

UBN No. :- For NIB No. 19/2025-26- VPN2526WSOB02079, VPN2526WSOB02080

राज.संवाद/सी/25/13088 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7215/2025 अधीक्षण अभियंता (सिविल), अजमेर

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफल स्पीड ट्रायल

- **पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में स्वदेशी तकनीक से निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण**

कोटा, (निसं)। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में स्वदेशी तकनीक से निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उच्च गति परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह ट्रायल अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ की परीक्षण निदेशालय टीम द्वारा 2 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है, जो 17 नवम्बर तक चलेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह परीक्षण सवाई माधोपुर-कोटा-नागदा खंड पर 16 कोच वाले वंदे भारत स्लीपर रेक के माध्यम से किया जा रहा है। ट्रेन को अधिकतम 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पर चलाकर उसकी तकनीकी दक्षता, ब्रेकिंग क्षमता, स्थिरता, कंपन तथा यांत्रिक व विद्युत प्रणालियों की विश्वसनीयता की जाँच की जा रही है। आरडीएसओ के परीक्षण निदेशक राधेश्याम तिवारी के निर्देशन में यह ट्रायल वास्तविक यात्री भार के समान परिस्थितियों में किया गया। रेक को पूर्ण लोडेड स्थिति में चलाया गया, जिसमें 800 टन रेक भार के अतिरिक्त 108 टन अतिरिक्त भार (50-50 किलोग्राम लोहे की धूल से भरे कनस्तरों के रूप में) जोड़ा गया। इस प्रकार कुल 908 टन भार के साथ ट्रेन का संचालन कर इसे वास्तविक ऑपरेशनल स्थिति में परखा गया। यह परीक्षण भारतीय रेल के इंजीनियरिंग कौशल और तकनीकी क्षमता का प्रमाण है।

रोहलखुर्द-लबान स्टेशनों के मध्य 180 किमी प्रति घंटे की गति से 50 किलोमीटर तक लॉन्ग कंफर्मेटरी रन (एलसीआर) सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इसके अतिरिक्त ऑसिलेशन टेस्ट और वेट ट्रैक इमरजेंसी ब्रेकिंग टेस्ट जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी परीक्षण भी किए गए, जिनका उद्देश्य उच्च गति पर ट्रेन की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इस ट्रायल में आरडीएसओ के परीक्षण निदेशक राधेश्याम तिवारी के अतिरिक्त, मुख्य लोको निरीक्षक रामनिवास मीणा, यातायात निरीक्षक संदीप दुबे, लोको पायलट पंचम सिंह, अभिनंद त्रिगुनयक, राजेश भाटजीवाल, पी.के. जैन एवं ट्रेन प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार सैनी सहित तकनीकी विशेषज्ञों का योगदान रहा। वंदे भारत स्लीपर रेक नवीनतम डिज़ाइन की संशोधित बोगियों से सुसज्जित है, जो उच्च गति पर भी अधिक स्थिरता और आराम प्रदान करती हैं। यह ट्रायल मिशन रफ्तार और मिशन गति शक्ति के तहत भारतीय रेल के उच्च गति नेटवर्क की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

निविदा सूचना

220/132 केवी, 100 एमवीए गैस फिल्ड पावर ट्रांसफार्मर टेंक का एसेसरीज और ऑयल ड्रम सहित 220 केवी जीएसएस मण्डावर से 220 केवी जीएसएस दूनी जिला टोंक तक लोडिंग, अनलोडिंग एवं शिफ्टिंग सहित ट्रांसपोर्टेशन के कार्य, 132 केवी डीसी सवाई माधोपुर-लाखेरी-केशोराय पाटन की लोकेशन संख्या 572 (DA+0) से लोकेशन संख्या 573 (DA+0) तक संशोधन कार्य कुस्तला देवपुरा बाईपास रेल्वे ट्रेक चेनेज नं. 4/1-2 के बीच (मैसर्स रेल्वे का डिपॉजिट कार्य), 132 केवी एससी सवाई माधोपुर-उनियारा लाइन की लोकेशन संख्या 7 (SA+0) से लोकेशन संख्या 8 (SA+0) तक कुस्तला देवपुरा बाईपास रेल्वे ट्रेक चेनेज के मध्य में (मैसर्स रेल्वे का डिपॉजिट कार्य) संशोधन के कार्य, 132/33 केवी, 20/25 एमवीए ऑयल फिल्ड पावर ट्रांसफार्मर टेंक का एसेसरीज और ऑयल ड्रम सहित ट्रांसफार्मर वर्कशॉप जयपुर से 132 केवी जीएसएस हिण्डोली जिला बून्दी तक लोडिंग, अनलोडिंग एवं शिफ्टिंग सहित ट्रांसपोर्टेशन के कार्य, 132/33 केवी, 20/25 एमवीए ऑयल फिल्ड पावर ट्रांसफार्मर टेंक का एसेसरीज और ऑयल ड्रम सहित 132 केवी जीएसएस राजगढ से 132 केवी जीएसएस अजनोटी जिला सवाई माधोपुर तक लोडिंग, अनलोडिंग एवं शिफ्टिंग सहित ट्रांसपोर्टेशन के कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी / निविदा की तारीख बढाने की सूचना के दस्तावेज / विवरण देखने / डाउनलोड करने के लिये (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) एवम विभाग की वेबसाइट https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn पर उपलब्ध है।

UBN No. VPN2526SSOB02063, VPN2526WSOB02064, VPN2526WSOB02065, VPN2526SSOB02066, VPN2526SSOB02067

राज.संवाद/सी/25/13082 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7209/2025 अधीक्षण अभियंता (प्र. एवं नि.), सवाई माधोपुर

OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, DEOGARH

Near Bus Stand Deogarh

Tel. No. 02904-252039 E-mail Id-EODEOGARH.LSG@RAJASTHAN.GOV.IN

S.No. F ( )/MBD/Engg./E-NIB/09/2025-26/1797 Date :- 31-10-2025

Notice Inviting BID

NIB No 09/2025-26

नगर पालिका देवगढ द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2526A7583

UBN No.:- DLB2526WSOB22973, DLB2526WSOB22974, DLB2526WSOB22975, DLB2526WSOB22976, DLB2526WSOB22977, DLB2526WSOB22978, DLB2526WSOB22979, DLB2526WSOB22980, DLB2526WSOB22981, DLB2526WSOB22982, DLB2526WSOB22988, DLB2526WSOB22990, DLB2526WSOB22992, DLB2526WSOB22994

महत्वपूर्ण तिथियां

निविदा कार्यक्रम	तिथि व समय
कुल निविदा के कार्य	14
निविदा की अनुमानित लागत	395.54 लाख
निविदा प्रकाशन की तिथि	31.10.2025 06:00 PM
निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि	31.10.2025 06:00 PM
ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	12.11.2025 06:00 PM तक
भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि	13.11.2025 11:00 AM तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	13.11.2025 12:00 PM से
ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट	http://eproc.rajasthan.gov.in
दोष निवारण अवधि	नियमानुसार

राज.संवाद / सी / 25 / 13074 अधिशाषी अधिकारी

शादी वाले घर में दो सिलेण्डर ब्लास्ट, 13 लोग घायल

घायलों में नौ का एमडीएम और तीन का एमजीएच में इलाज चल रहा है, दो की हालत गंभीर

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में शादी वाले घर में एक के बाद एक दो सिलेंडर ब्लास्ट हो गये। हादसे में 13 लोग घायल हो गए। घायलों में नौ का एमडीएम और तीन का एमजीएच में इलाज चल रहा है। इनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बावड़ी के पास हरढाणी में मंगलवार शाम हुआ। हादसे में दूल्हा महेंद्र भी झुलस गया है। महेंद्र की 15 नवंबर को शादी है।

एएसपी भोपालसिंह लखावत ने बताया कि खेड़ापा थाना क्षेत्र के एक मकान में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। इस दौरान गैस वेल्डिंग हो रही थी, चिंगारी उछल गई। इस वजह से सिलेंडर में आग लग गई और विस्फोट हो गया।

हादसे में घायल एक व्यक्ति ने बताया कि उसके नाक और मुंह पर चोट लगी है। पता ही नहीं चला कि सीएनजी गैस की टंकी फटी या सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। तेज धमाका हुआ और कुछ पत्थर जैसे आकर गिरे। मुझे कैसे चोट लगी पता ही नहीं चला। एकदम से धुआं हो गया था। हादसे में छोटू सिंह, अजमाल सिंह, दिनेश, राकेश, निवासी सेवकी कल्ला, बुधाराम निवासी हरढाणी, अजमाल सिंह निवासी हरढाणी, गणपत राम निवासी हरढाणी, ओमाराम निवासी हरढाणी, रामदास, सुनील निवासी पूसाराम हरढाणी, महिपाल निवासी हरढाणी घायल हुए हैं।

बनास नदी में डूबे युवक का शव मिला

टोंक, (निसं)। मेहंदवास थाना क्षेत्र में बह रही बनास नदी में नहाते समय डूबे युवक का शव चौथे दिन मंगलवार को घटना स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर बरामद किया गया।

- **युवक का तीन दिन बाद 10 किलोमीटर दूर मिला**

एसडीआरएफ टीम ने बताया कि बीते शनिवार को दोस्तों के साथ बनास नदी पर नहाने आये राकेश कीर पुत्र रमेश कीर (28) निवासी थली जो बनास नदी पर स्थित मंदिर के पीछे बने घाट पर नहाने के लिए उतरा था, तभी से वह मौके से लापता होने पर दोस्त घबरा गए। बाद में सूचना पर परिजन व मेहन्दवास थाना पुलिस पंहुची तथा पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की लेकिन नहीं मिला। फिर रविवार को एसडीआरएफ टीम को अजमेर से बुलाया गया। टीम ने तीन दिन तक लगातार तलाश की। लेकिन लापता युवक नहीं मिला। मंगलवार को टीम के प्रयास से युवक का शव घटनास्थल से दस किमी दूर बनास नदी के अमीनपुरा रपटे के पास नजर आया, जिसे निकालकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के सौंप दिया।

कार्यालय नगर पालिका भवानीमण्डी, जिला झालावाड़, राजस्थान

क्रमांक :- न.पा.भ. / निर्माण / 2025 / 1666 दिनांक :- 11 / 09 / 2025

-: ई-निविदा संख्या 12/2025-26 :-

सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम 26 के अनुसार तथा स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र दिनांक 23 फरवरी 2015 No F8(G)(Rules)DLB/2015/4081 की पालना में राजस्थान नगर पालिका (सामान्य क्रय एवं अनुबंध) नियम 1974 के धारा 14 के उपधारा-1 के क्लॉज सी के अनुसार नगर पालिका भवानीमण्डी में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत संवेदको व अन्य विभागों में सक्षम श्रेणी के पंजिकृत ठेकेदारों / फर्मो से ई निविदा पद्धति से 1 कार्य की ऑनलाईन निविदाऐं दिनांक 03 / 11 / 2025 से 11 / 11 / 2025 तक आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत / निविदा से संबंधित परिपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB COAD- DLB2526A7604

अध्यक्ष नगर पालिका भवानीमण्डी — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भवानीमण्डी

राज.संवाद / सी / 25 / 13071

कार्यालय नगर पालिका पिड़ावा जिला-झालावाड़ (राज.)

E-mail id – eopirawa.lsg@rajasthan.gov.in Phone No. – 07434-258566

क्रमांक / न.पा.पि. / निर्माण / 2025 / 1940-1942 दिनांकः-29 / 10 / 2025

ई-निविदा क्रमांक 05/2025-26

नगर पालिका पिडावा में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको व अन्य विभागो के सक्षम श्रेणी में पंजिकृत फार्मो / संवेदको से ई-निविदा पद्धति से 5 कार्यो की दिनांक 04.11.2025 से 11.11.2025 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र डाउनलोड, अपलोड करने की तिथि व निविदा की षर्ते एवं अन्य जानकारी वेबसाईट http://sppp.rajasthan.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

NIB CODE :- DLB2526A7563

WORK NO.	UBN CODE
1	DLB2526WSRC22916
2	DLB2526WSOB22921
3	DLB2526GLOB22924
4	DLB2526WSOB22940
5	DLB2526WSOB22942

राज.संवाद / सी / 25 / 13130 अध्यक्ष नगर पालिका पिड़ावा — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका पिड़ावा

अवैध माल परिवहन के खिलाफ भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सख्त

भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की विशेष बैठक में बस दुर्घटनाओं को लेकर चर्चा की

- **ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध माल परिवहन को ट्रेवल्स और वीडियोकोच के माध्यम से पूर्ण रूप से बंद करने पर सभी की सहमति रही**

भीलवाड़ा, (निसं)। भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की विशेष बैठक संपन्न हुई, जिसमें बस दुर्घटनाओं की लगातार हो रही घटनाओं पर गंभीर चर्चा की गई। एसोसिएशन ने इन दुर्घटनाओं और अवैध माल परिवहन (लदान) को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

अध्यक्ष विश्वबन्धु सिंह राठौड़ ने बताया कि बस दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए 70 सदस्यों की एक कमेटी का गठन किया गया है और इसे सात टीमों में विभाजित किया गया है। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में अवैध माल परिवहन को ट्रेवल्स और वीडियोकोच के माध्यम से पूर्ण रूप से बंद करने पर सभी की सहमति रही। सचिव सुनील सोडाणी ने बताया कि आज ही एसोसिएशन की टोलियों ने उन तमाम ट्रांसपोर्टरों और ट्रैवल संचालकों को पाबंद किया गया जो अवैध बुकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो ट्रावेल्स एजेन्सी के यहां गाड़ी भरी हुई पकड़ी गई। डीटीओ को बुलाकर चालान करवाया गया और माल तथा गाड़ी को सीज़ कर दिया गया है। एसोसिएशन ने सख्त रुख अपनाते हुए भविष्य में भी अवैध माल लदान के खिलाफ सख्ती से पेश आने की चेतावनी दी है।

कोषाध्यक्ष केशव भुरानी ने बताया कि एसोसिएशन ने सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे अपना माल ट्रेवल्स या वीडियोकोच में न देकर ट्रांसपोर्ट एजेंसी को ही दें। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके माल के नुकसान, हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। ट्रेवल्स की आड़ में या कार्गो की आड़ में जो ट्रेवल्स चलाए जा रहे हैं, उन्हें तुरंत बंद करें, अन्यथा टूट-फूट की जिम्मेदारी उनकी होगी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वबन्धु सिंह राठौड़ ने बताया कि अवैध लदान की यह लड़ाई कई सालों से लड़ रहे हैं और आज की स्थिति में सरकार, प्रशासन और आम जनता उनके साथ हैं। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों, इसके लिए एसोसिएशन लगातार सक्रिय रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों को भारी नुकसान भुगतने की चेतावनी देती है। इस बैठक में सुनील सोडाणी, ज्ञानचंद तातेड़, दिलीप जैन, रतन मीणा, किशोर नानेचा, दीपक सोगानी, अरिहंत जैन, राहुल कटारिया, पिंटू सिंह, गोपाल शर्मा, सत्यवीर यादव सहित भीलवाड़ा गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्य, कार्यकारिणी समिति और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर

क्रमांक :- एफ ( )/निविदा/2025-26/3157 - 3165 दिनांक :- 30/10/2025

NOTCE INVITING BID

NIT No. 30 - 38/2025-26

Bids for NRM Works Under PMKSY-2.0 and MJSA 2.0 project area in Ahore, Bhinmal, Sayla, Jalore, Sarnau, Raniwara, and Bagoda of estimated Value INR 189.56 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 30-10-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIT NO.	Work Name & Block	NIB No.	UBN No.
NIT-30/2025-25 MJSA 2.2	Pakka Check Dem/Anicut Nirman (Bhinmal)	WSC2526A0913	WSC2526WSRC01569
NIT-31/2025-25 MJSA 2.1	Rooft